**प्रेस नोट**

**दिनाँक- 16.05.2025**

**श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन, प्रयागराज का हमीरपुर जनपद में प्रथम आगमन।।**

आज दिनांक 16.5.2025 को श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, प्रयागराज जोन प्रयागराज का जनपद हमीरपुर में प्रथम आगमन हुआ। इस अवसर पर पुलिस लाइन जनपद हमीरपुर में सर्वप्रथम गार्द सलामी ली गई । आगमन के पश्चात अपर पुलिस महानिदेशक ने पुलिस लाइन सभागार में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की तथा जिले की कानून-व्यवस्था की स्थिति की गहन समीक्षा की। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक हमीरपुर ने जनपद में अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध, मादक पदार्थों की तस्करी तथा अन्य प्रमुख मामलों की जानकारी प्रस्तुत की। अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन प्रयागराज ने प्रस्तुत रिपोर्टों और आंकड़ों का अवलोकन करते हुए विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने, रात्रि गश्त को प्रभावी बनाने तथा जनता के साथ संवाद स्थापित कर पुलिस की छवि को सकारात्मक बनाए रखने पर बल दिया।

इसके साथ ही, उन्होंने महिलाओं, बच्चों तथा वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा के लिए चल रही योजनाओं की समीक्षा करते हुए उनके क्रियान्वयन में गति लाने के निर्देश दिए।

अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन प्रयागराज ने कानून व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए पुलिस को जनहित में सजग, संवेदनशील और तत्पर रहने की प्रेरणा दी।

इस अवसर पर श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम, परिक्षेत्र बांदा, अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर, जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी , मुख्य अग्निशमन अधिकारी हमीरपुर व अन्य सम्बन्धित अधि0/कर्म0 मौजूद रहे ।